प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गल्फ देशों में करीब एक करोड़ भारतीय निवास करते हैं, उनकी चिंता है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण देश के सामने चुनौतियां हैं। भारत के पास क्रूड ऑयल के भंडारण की प्र्याप्त व्यवस्था है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में जैप–1 डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की नई शुरुआत का प्रतीक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

****

धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा है कि अगर कोई दुकानदार, व्यापारी या अन्य व्यक्ति आवश्यक वस्तुओं को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने विशेष रूप से खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, दवाइयां, तेल, गैस और अन्य आवश्यक सामानों की कालाबाजारी और जमाखोरी को गंभीर अपराध बताया।

****

नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा देवघर रिंग रोड में दो टोल प्लाजा बनाये जायेंगे। एक टोल प्लाजा देवघर एयरपोर्ट के पास तेतरिया में, जबकि दूसरा टोल प्लाजा मोहनपुर में बाघमारी किता खरवा के समीप बनेगा। लगभग 57 किलोमीटर लंबे इस रिंग रोड में दोनों टोल प्लाजा बिहार और बंगाल की ओर जाने वाली अलग–अलग दिशा में स्थापित होंगे। यह टोल प्लाजा पूरी तरह से आधुनिक होगा।

****

धनबाद ज़िले में नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कल उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और टॉर्च रैली को रवाना किया।

****

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। क्षय रोग की रोकथाम और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिवस मनाया जाता है। डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने क्षय रोग के खिलाफ शुरुआती उपचार के महत्व का उल्लेख किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर और स्लीप मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत मोहन ने कहा है कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम देश में टीबी के खिलाफ अभियान को मजबूती प्रदान कर रहा है।

****

देश की छोटी नदियों पर गहराते जल संकट को देखते हुए आईआईटी आईएसएम धनबाद ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। मिशन वाई के तहत संस्थान की ओर से इन नदियों को बचाने और उनका डेटा तैयार करने की योजना बनाई जा रही है। पिछले 5 वर्षों से इस पर शोध कर रहे प्रोफेसर अंशुमाली ने बताया कि जमुनिया, कतरी, खुदिया और खोदो जैसी सहायक नदियां अतिक्रमण और खनन कचरे के कारण दम तोड़ रही हैं।

****

राजधानी रांची के पिठौरिया में आज बिजली ग्रिड से करीब एक हजार किलो कॉपर कॉइल चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर कांन्दू इलाके के ग्रिड परिसर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। डीएसपी अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस जांच में जुटी है।

****

चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसे लेकर राज्य भर के नदी घाटों और जलाशयों में पूजा–अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सफाई, रोशनी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

**********समाप्त*********